# मेरा शरणार्थी दावा(क्लेम)

## कनाडा में शरणार्थी दावा(क्लेम) करने के लिए आपकी मार्गदर्शिका



**अभिमुखीकरण पुस्तिका**

मार्च 2025

Hindi | hindi | हिन्दी

# इस अभिमुखीकरण पुस्तिका के बारे में

## उद्देश्य

यह अभिमुखीकरण(ओरिएंटेशन)  पुस्तिका आपके शरणार्थी दावे(क्लेम) की यात्रा में आपका मार्गदर्शन करने के लिए तैयार की गई है, ताकि आप सूचित, संयोजित और तैयार रहें।

# इस अभिमुखीकरण(ओरिएंटेशन)पुस्तिका का उपयोग कैसे करें



समझने के लिए इस अभिमुखीकरण(ओरिएंटेशन) पुस्तिका का उपयोग करें:

- शरणार्थी दावा(क्लेम)  प्रक्रिया में आप कहां हैं
- कौन आपकी मदद कर सकता है
- अगले कदम के लिए खुद को कैसे तैयार करें

यह मार्गदर्शिका QR कोड का उपयोग करके www.myrefugeeclaim.ca पर विस्तृत जानकारी प्रदान करती है।



# क्यूआर कोड का उपयोग कैसे करें

QR कोड को स्कैन करने के लिए अपने स्मार्टफ़ोन पर कैमरा या QR कोड ऐप का उपयोग करें। लिंक पर क्लिक करें, और आप www.myrefugeeclaim.ca पर सही पेज पर पहुँच जाएँगे।

# विषय-सूची


| | |
|---|---|
| एक्रोनिम्स / परिवर्णी शब्द | 2 |
| इससे पहले कि आप अपना शरणार्थी दावा शुरू करें... | 3 |
| शरणार्थी दावा(क्लेम) प्रक्रिया कैसे काम करती है? | 5 |
| क्या मैं शरणार्थी दावा(क्लेम) कर सकता हूँ? | 6 |
| मैं वकील या कानूनी प्रतिनिधि कैसे प्राप्त कर सकता हूँ? | 9 |
| मैं किसी हवाई अड्डे, बंदरगाह, या भूमि सीमा (प्रवेश के बंदरगाह) पर शरणार्थी का दावा (क्लेम) कैसे करूँ? | 10 |
| यदि मैं पहले से ही कनाडा (अंतर्देशीय) में हूं तो मैं शरणार्थी दावा (क्लेम) कैसे करूँ? | 11 |
| मैं अपने शरणार्थी दावे (क्लेम) की सुनवाई की तैयारी कैसे करूँ? | 12 |
| मैं अपने शरणार्थी दावे (क्लेम) की सुनवाई में क्या उम्मीद/अपेक्षा कर सकता हूँ? | 14 |
| मुझे कैसे और कब पता चलेगा कि मेरा दावा (क्लेम) स्वीकार किया गया है? | 16 |
| अगर मुझे नज़रबंदी में लिया गया तो क्या होगा? | 18 |
| अपने शरणार्थी दावे (क्लेम) में सहायता के लिए मैं क्या कदम उठा सकता हूँ | 19 |
| मेरे महत्वपूर्ण शरणार्थी दावे (क्लेम) की तिथियां और समय सीमाएं | 23 |

# एक्रोनिम्स / परिवर्णी शब्द

**BOC (बीओसी)**
Basis of Claim | दावे(क्लेम) का आधार

**CBSA (सीबीएसए)**
Canada Border Services Agency | कनाडा सीमा सेवा एजेंसी

**IME (आई एम ई)**
Immigration Medical Exam | अप्रवासन चिकित्सा परीक्षा/ इमीग्रेशन मेडिकल जाँच

**IRB (आईआरबी)**
Immigration and Refugee Board of Canada | कनाडा का अप्रवासन(इमीग्रेशन) और शरणार्थी बोर्ड

**IRB-IAD(आईआरबी-आईएडी)**
Immigration and Refugee Board of Canada – Immigration Appeal Division | कनाडा का अप्रवासन(इमीग्रेशन)और शरणार्थी बोर्ड – अप्रवासन(इमीग्रेशन) अपील प्रभाग

**IRB-ID (आईआरबी-आईडी)**
Immigration and Refugee Board of Canada – Immigration Division | कनाडा का अप्रवासन(इमीग्रेशन) और शरणार्थी बोर्ड – अप्रवासन(इमीग्रेशन) प्रभाग

**IRB-RAD (आईआरबी-आरएडी)**
Immigration and Refugee Board of Canada – Refugee Appeal Division | कनाडा का अप्रवासन(इमीग्रेशन) और शरणार्थी बोर्ड – शरणार्थी अपील प्रभाग

**IRB-RPD (आईआरबी-आरपीडी)**
Immigration and Refugee Board of Canada – Refugee Protection Division | कनाडा का अप्रवासन(इमीग्रेशन) और शरणार्थी बोर्ड – शरणार्थी संरक्षण प्रभाग

**IRCC (आईआरसीसी)**
Immigration, Refugees and Citizenship Canada | अप्रवासन(इमीग्रेशन), शरणार्थी और नागरिकता(सिटिज़नशिप) कनाडा

**RPID**
Refugee Protection Identity Document | शरणार्थी सुरक्षा पहचान दस्तावेज़

# इससे पहले कि आप अपना शरणार्थी दावा शुरू करें...

## हो सकता है कि आप अपने देश में कठिन परिस्थिति/मुश्किल हालात में रहे हों।

आप सोच रहे होंगे कि क्या कनाडा आपको शरणार्थी सुरक्षा दे सकता है।

कनाडा में शरणार्थी संरक्षण प्रणाली है जो अपने देश में खतरनाक परिस्थितियों का सामना करने वाले लोगों को कनाडा में रहने के लिए आवेदन करने की अनुमति देती है।

कनाडा में शरणार्थी सुरक्षा के लिए अनुरोध करना शरणार्थी दावा(क्लेम)  करना कहलाता है। शरणार्थी दावा(क्लेम) करने वाले हर व्यक्ति को शरणार्थी सुरक्षा नहीं मिलेगी। अगर आपको शरणार्थी सुरक्षा दी जाती है, तो आप कनाडा में रह सकते हैं और स्थायी निवासी बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## आप सोच रहे होंगे कि जो कुछ आपके साथ हुआ, क्या वह आपको शरणार्थी संरक्षण के लिए योग्य बनाता है।

प्रत्येक व्यक्ति का अनुभव उसका अपना होता है।

कुछ लोग सोचते हैं कि उनके कठिन अनुभव को संरक्षण मिलना चाहिए, लेकिन कानून कहता है कि ऐसा नहीं होना चाहिए।

कुछ लोग सोचते हैं कि उनके कठिन अनुभव को संरक्षण नहीं मिलना चाहिए, लेकिन कानून कहता है कि उसे संरक्षण मिलना चाहिए।

## अपने अनुभव के बारे में किसी वकील या कानूनी प्रतिनिधि से सलाह लेना महत्वपूर्ण है।

सच बोलें। इससे आपके वकील या कानूनी प्रतिनिधि को आपको सबसे अच्छी सलाह देने में मदद मिलेगी

आपका वकील या कानूनी प्रतिनिधि आपका अगला कदम तय करने में आपकी मदद करेगा।

# मेरी तत्काल/ अति आवश्यक जरूरतें

शरणार्थी दावा (क्लेम) प्रक्रिया के दौरान आपके पास हल करने के लिए तत्काल आवश्यकताएं और समस्याएं हो सकती हैं, जैसे:

- मैं रहने के लिए किफायती जगह कैसे ढूंढ सकता/ सकती  हूँ?
- मेरे बच्चे स्कूल कहाँ जायेंगे?
- मुझे वर्क परमिट कैसे मिलेगा?
- मुझे नौकरी कैसे मिलेगी?
- मैं अंग्रेजी या फ्रेंच कहां सीख सकता/ सकती हूं?
- मुझे स्वास्थ्य सेवा कैसे मिलेगी?
- मैं अपने परिवार से कब मिलूंगा(पुनः एकजुट)?
- यदि कनाडा मुझे शरणार्थी सुरक्षा नहीं देता तो क्या होगा?

ये महत्वपूर्ण प्रश्न हैं। एक सेटलमेंट या सामुदायिक एजेंसी आपको इन सवालों के जवाब देने में मदद कर सकती है और यह सुनिश्चित कर सकती है कि आपकी तत्काल ज़रूरतें पूरी हों।

**अपनी तत्काल आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए अपने शरणार्थी दावे (क्लेम) पर ध्यान केंद्रित रखें।**



# शरणार्थी दावा(क्लेम) प्रक्रिया कैसे काम करती है?

ये आपके शरणार्थी दावा (क्लेम) प्रक्रिया की महत्वपूर्ण घटनाएँ हैं।

**कनाडा की शरणार्थी सुरक्षा प्रणाली के बारे में जानें**

**यदि संभव हो तो कानूनी प्रतिनिधित्व प्राप्त करें**

**अपना शरणार्थी दावा (क्लेम) शुरू करें**

**अपनी पात्रता/एलिजिबिलिटी साक्षात्कार में भाग लें**

**शरणार्थी दावेदार बनें**

**अपनी शरणार्थी सुनवाई की तैयारी करें**

**अपनी शरणार्थी सुनवाई में भाग लें**

**अपना शरणार्थी निर्णय प्राप्त करें और अगले कदम उठाएँ**

## महत्वपूर्ण

ये महत्वपूर्ण घटनाएं अलग-अलग क्रम में घटित हो सकती हैं, जो इस बात पर निर्भर करता है कि आप कहां हैं और आपने अपना दावा(क्लेम) कैसे शुरू किया है।



# क्या मैं शरणार्थी दावा(क्लेम) कर सकता हूँ?

कनाडा में शरणार्थी संरक्षण चाहने वाले व्यक्ति को शरणार्थी दावेदार(क्लेमेंट) कहा जाता है।

शरणार्थी दावेदार(क्लेमेंट)बनने के लिए आपको यह करना होगा:

- कनाडा में या कनाडा के प्रवेश बंदरगाह  पर (हवाई अड्डा, सीमा, बंदरगाह)
- शरणार्थी दावा(क्लेम) करने के लिए (अनुमति प्राप्त) होना

## महत्वपूर्ण

यदि आप  निश्चित नहीं हैं कि आप शरणार्थी दावेदार(क्लेमेंट) बन सकते हैं या नहीं, तो अपना दावा करने से पहले कानूनी सलाह लें।

# कारण कि आप को शरणार्थी दावा करने के लिए (अनुमति प्राप्त) क्यों नहीं हो सकती हैं

**शरणार्थी का दर्जा/ स्टेटस**

- ☐ मुझे दूसरे देश में कन्वेंशन शरणार्थी का दर्जा प्राप्त है, जहां मैं वापस जा सकता हूं।

**पिछला समय में**

- ☐ मैंने संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया या न्यूज़ीलैंड में शरणार्थी का दावा(क्लेम) किया है;
- ☐ मैंने कनाडा में शरणार्थी का दावा (क्लेम) किया था जिसे अस्वीकार कर दिया गया, त्याग दिया गया, या वापस ले लिया गया;
- ☐ मुझे पहले बताया गया था कि मुझे कनाडा में शरणार्थी दावा (क्लेम) करने की अनुमति नहीं है; या
- ☐ इससे पहले मुझे कनाडा में संरक्षित व्यक्ति का दर्जा प्राप्त था।

**सुरक्षित(सेफ) तृतीय देश समझौता(एग्रीमेंट)**

- ☐ मैं कनाडा की सीमा के प्रवेश बिंदु(एंट्री पॉइंट ) पर गया और मुझे कनाडा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई, क्योंकि मैं सुरक्षित(सेफ) तृतीय देश समझौते(एग्रीमेंट) के अपवाद के लिए योग्य नहीं हूं।
- ☐ मैं एक अनौपचारिक स्थान से कनाडा में दाखिल हुआ और दो सप्ताह के भीतर ही कनाडा के अधिकारियों ने मुझसे मुलाकात की। मुझे कनाडा छोड़ना पड़ा क्योंकि मैं सुरक्षित(सेफ) तीसरे देश समझौते(एग्रीमेंट) के अपवाद के लिए योग्य नहीं हूँ।

**सार्वजनिक सुरक्षा**

- ☐ मैंने एक गंभीर अपराध किया है और कनाडा मुझे एक खतरनाक व्यक्ति समझ सकता है।

**कनाडा से निष्कासन**

- ☐ मेरे पास कनाडा सरकार का आदेश है कि मुझे वहां से चले जाना चाहिए।

यदि आपने इनमें से किसी भी बॉक्स को चेक किया है, या अनिश्चित हैं, तो किसी वकील या कानूनी प्रतिनिधि से बात करें।

इस बारे में अधिक जानें कि शरणार्थी दावेदार (क्लेमेंट) कौन बन सकते  है।

# वे कौन सी सरकारी एजेंसियां हैं जिनसे मेरी मुलाकात हो सकती है?

आप सबसे पहले सीबीएसए या आईआरसीसी के साथ काम करेंगे, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आप अपना शरणार्थी दावा (क्लेम) कहां और कैसे करते हैं।

**प्रवेश का पोर्ट/ पोर्ट ऑफ़ एन्ट्री**

## CBSA

**कनाडा सीमा सेवा एजेंसी**

- प्रवेश के बंदरगाहों को नियंत्रित करता है और अप्रवासन(इमीग्रेशन) कानूनों को लागू करता है
- यह तय करता है कि क्या आप भूमि सीमा, हवाई अड्डे या बंदरगाह पर शरणार्थी का दावा (क्लेम) कर सकते हैं

**इनलैंड/ अंतर्देशीय**

## IRCC

**आप्रवासन(इमीग्रेशन), शरणार्थी और नागरिकता कनाडा**

- आप्रवासियों और शरणार्थियों के आगमन को संभालता है
- यह तय करता है कि क्या आप कनाडा के भीतर से शरणार्थी का दावा (क्लेम) कर सकते हैं

## IRB

**कनाडा का आप्रवासन(इमीग्रेशन), और शरणार्थी बोर्ड**

- आव्रजन और शरणार्थी मामलों का फैसला करता है
- चार प्रभागों(डिवीज़न) का प्रबंधन करते है

**IRB-RPD (शरणार्थी संरक्षण प्रभाग(डिवीज़न))**
- शरणार्थी संरक्षण के लिए आपके दावे (क्लेम) पर निर्णय लेता है

**IRB-RAD (शरणार्थी अपील प्रभाग(डिवीज़न))**
- शरणार्थी दावों (क्लेम) के बारे में आईआरबी-आरपीडी निर्णयों की अपीलों को संभालता है

**IRB-ID (आव्रजन(इमीग्रेशन) प्रभाग(डिवीज़न))**
- पात्रता सुनवाई और निरोध सुनवाई चलाता है

**IRB-IAD (आव्रजन(इमीग्रेशन) अपील प्रभाग(डिवीज़न))**
- आव्रजन(इमीग्रेशन) मामलों पर अपीलों का निपटारा करता है

इन प्रमुख सरकारी एजेंसियों के बारे में अधिक जानें।

# मैं वकील या कानूनी प्रतिनिधि कैसे प्राप्त कर सकता हूँ?



अपने शरणार्थी दावे (क्लेम) को शुरु करने से पहले या जितनी जल्दी हो सके कानूनी सहायता प्राप्त करने का प्रयास करें। यदि आपने अपना दावा (क्लेम)  पहले ही शुरु कर दिया है और आपके पास कोई वकील या कानूनी प्रतिनिधि नहीं है, तो मदद के लिए किसी से संपर्क करने का हर संभव प्रयास करें। यह महत्वपूर्ण है कि आपके शरणार्थी दावे (क्लेम)  की पूरी प्रक्रिया के दौरान और आपकी शरणार्थी सुनवाई के दौरान आपके पास एक वकील या कानूनी प्रतिनिधि हो।

**कानूनी सहायता कैसे मदद कर सकती है:**


आप कानूनी सहायता या गैर-लाभकारी क्लिनिक के माध्यम से मुफ़्त या कम लागत पर अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए एक वकील या कानूनी प्रतिनिधि प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आप किस प्रांत में रहते हैं और आपकी विशिष्ट स्थिति क्या है।

**एक सेटलमेंट या सामुदायिक कार्यकर्ता कैसे मदद कर सकता है:**

अपने शहर या क्षेत्र में वकीलों या कानूनी प्रतिनिधियों की सूची के लिए किसी सेटलमेंट एजेंसी या सामुदायिक संगठन से पूछें। यदि आपके पास वकील या कानूनी प्रतिनिधि को भुगतान करने के लिए पैसे नहीं हैं, तो पूछें कि क्या आपके प्रांत में कानूनी सहायता उपलब्ध है। यदि नहीं, तो आपके सेवा प्रदाता के पास निःशुल्क या कम लागत वाले कानूनी क्लीनिकों के बारे में जानकारी मिल सकती है।

सीखे  कि आप जहां हैं वहां वकील या कानूनी प्रतिनिधि कैसे खोजें।

# मैं किसी हवाई अड्डे, बंदरगाह, या भूमि सीमा (प्रवेश के बंदरगाह) पर शरणार्थी का दावा (क्लेम) कैसे करूँ?



- [ ] सीबीएसए अधिकारी को बताएं कि आप शरणार्थी दावा (क्लेम) करना चाहते हैं
- [ ] सभी पहचान दस्तावेज तैयार रखें
- [ ] अपने फिंगरप्रिंट और फोटो (बायोमेट्रिक्स) लें
- [ ] यह देखने के लिए कि क्या आप शरणार्थी दावेदार (क्लेम) बन सकते हैं, सीबीएसए के साथ अपनी पात्रता(एलिजिबिलिटी ) साक्षात्कार करें
- [ ] यदि आप दावा( क्लेम) करने के लिए पात्र ( एलिजिबल) हैं, तो अपना शरणार्थी सुरक्षा पहचान दस्तावेज़ और बीओसी फ़ॉर्म प्राप्त करें, या ऑनलाइन आवेदन करने के लिए निर्देश प्राप्त करें
- [ ] अपनी मेडिकल परीक्षा (IME) पूरी करें
- [ ] अपना BOC(बीओसी) फॉर्म पूरा करके IRB-RPD(आईआरबी-आरपीडी) को जमा करें
- [ ] अपनी सुनवाई की तारीख का इंतजार करते समय अपने शरणार्थी दावे (क्लेम) के समर्थन में साक्ष्य एकत्रित करें और भेजें

प्रवेश बंदरगाह पर शरणार्थी दावा (क्लेम) करने के बारे में अधिक जानें।

# यदि मैं पहले से ही कनाडा (अंतर्देशीय) में हूं तो मैं शरणार्थी दावा (क्लेम) कैसे करूँ?



- [ ] अपने शरणार्थी दावा (क्लेम) आवेदन को प्रस्तुत करने के लिए IRCC(आई आर सी सी) ऑनलाइन पोर्टल (वेबसाइट) का उपयोग करें, जिसमें आपका BOC(बीओसी) फॉर्म और आपकी पहचान और यात्रा दस्तावेजों की प्रतियां शामिल हों
- [ ] अपना दावा (क्लेम) पावती पत्र प्राप्त करें
- [ ] अपनी मेडिकल परीक्षा (IME) पूरी करें
- [ ] अपने बायोमेट्रिक्स अपॉइंटमेंट (फिंगरप्रिंट/फोटो) पर जाएं
- [ ] यह देखने के लिए कि क्या आप शरणार्थी दावेदार (क्लेमेंट) बनने के योग्य हैं, आईआरसीसी के साथ अपना पात्रता साक्षात्कार लें
- [ ] यदि आप दावा( क्लेम) करने के लिए पात्र (अनुमति प्राप्त) हैं, तो अपना शरणार्थी सुरक्षा पहचान दस्तावेज़ प्राप्त करें
- [ ] अपनी सुनवाई की तारीख का इंतजार करते समय अपने दावे (क्लेम) के समर्थन में साक्ष्य एकत्रित करें और भेजें

अंतर्देशीय/ इनलैंड शरणार्थी दावा (क्लेम) करने के बारे में अधिक जानें।



# मैं अपने शरणार्थी दावे (क्लेम) की सुनवाई की तैयारी कैसे करूँ?

अपने शरणार्थी दावे (क्लेम) का समर्थन/सपोर्ट करने के लिए जितनी जल्दी हो सके सबूत इकट्ठा करना शुरु करें। अगर आपके पास कोई वकील या कानूनी प्रतिनिधि है, तो पूछें कि कौन से विशिष्ट/स्पेसिफिक सबूत आपके दावे (क्लेम) में मदद कर सकते हैं। सुनिश्चित करें कि आप अपने आप को और अपने वकील को अपने सबूतों की समीक्षा और अनुवाद करने के लिए पर्याप्त समय दें।

जितनी जल्दी हो सके अपने साक्ष्य/ सबूत भेजें। सभी साक्ष्य/ सबूत आपकी सुनवाई की तारीख से कम से कम 10 दिन पहले प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

---

जानें कि आपके शरणार्थी दावे (क्लेम) का समर्थन कौन से साक्ष्य/ सबूत करते हैं।

# कानूनी मुद्दे और मेरे साक्ष्य/ सबूत

आपकी शरणार्थी सुनवाई में कुछ महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। तैयारी में मदद के लिए नीचे दी गई चेकलिस्ट का उपयोग करें।

**क्या आपने अपने वकील या कानूनी प्रतिनिधि से इस विषय पर चर्चा की है?**

**क्या मेरे साक्ष्य/ सबूत का अनुवाद करके भेजा गया है?**

- [ ] [ ] **पहचान**
  दस्तावेज़ों से साबित करें कि मैं कौन हूं और कहां से हूं
- [ ] [ ] **साख/ विश्वसनीयता**
  साबित करो कि मैं अपनी कहानी के बारे में सच कह रहा हूँ
- [ ] [ ] **वास्तविक भय/ डर**
  दिखाएँ कि मुझे उत्पीड़न का सचमुच डर है
- [ ] [ ] **व्यक्तिगत जोखिम**
  साबित करें कि मैं जिस जोखिम का सामना कर रहा हूं वह व्यक्तिगत है, और सभी के लिए सामान्य नहीं है
- [ ] [ ] **कोई सरकारी संरक्षण/प्रोटेक्शन नहीं**
  दिखाओ कि मेरी सरकार मेरी रक्षा नहीं कर सकती
- [ ] [ ] **मेरे देश में कोई सुरक्षित जगह नहीं**
  साबित करो कि मैं अपने देश में कहीं और सुरक्षित नहीं रह सकता
- [ ] [ ] **किसी अन्य देश में कानूनी निवास (यदि कोई हो)**
  दिखाएँ कि मैं किसी दूसरे देश में सुरक्षित रुप से नहीं रह सकता, यदि मैं वहाँ का नागरिक या स्थायी निवासी हूँ
- [ ] [ ] **अपराध (यदि कोई हो)**
  यह दर्शाएं कि मैंने संगठित या गंभीर अपराध में भाग नहीं लिया है
- [ ] [ ] **दावा (क्लेम) करने में देरी (यदि कोई हो)**
  बताएं कि मैंने अपना देश पहले क्यों नहीं छोड़ा, कहीं और दावा (क्लेम) क्यों नहीं किया, या कनाडा पहुंचते ही शरणार्थी का दावा  (क्लेम) क्यों नहीं किया



---

इनमें से प्रत्येक कानूनी मुद्दे के लिए आप जो साक्ष्य/ सबूत प्रस्तुत कर सकते हैं, उनके उदाहरण देखें।



# मैं अपने शरणार्थी दावे (क्लेम) की सुनवाई में क्या उम्मीद/अपेक्षा कर सकता हूँ?

**आपकी शरणार्थी सुनवाई शरणार्थी दावा (क्लेम) प्रक्रिया की केंद्रीय घटना है।**

आईआरबी-आरपीडी आपको उपस्थित होने हेतु नोटिस पत्र भेजेगा जिसमें आपकी शरणार्थी सुनवाई की तारीख लिखी होगी।

आपकी सुनवाई में, आईआरबी-आरपीडी सदस्य आपके दावे (क्लेम) को स्वीकार या अस्वीकार करने का निर्णय लेगा।

हालाँकि आप अपनी शरणार्थी सुनवाई को लेकर चिंतित हो सकते हैं, लेकिन यह याद रखना उपयोगी है कि IRB न्यायालय की तुलना में कम औपचारिक है। IRB-RPD सदस्य कोई न्यायाधीश नहीं है। आपकी शरणार्थी सुनवाई में आम जनता को आने की अनुमति नहीं है।

आपकी शरणार्थी सुनवाई एक निजी स्थान पर अपनी कहानी बताने का सबसे अच्छा मौका है। आप यह समझाने के लिए सवालों के जवाब देंगे कि आपको कनाडा की सुरक्षा की आवश्यकता क्यों है। सच बताना महत्वपूर्ण है। कभी भी कोई जवाब न बनाएँ। अगर आपको कुछ नहीं पता है, या आप अनिश्चित हैं, तो ऐसा कहें।

यद्यपि अधिकांश शरणार्थी सुनवाई आभासी/वर्चुअल (ऑनलाइन) होती है, तथापि कुछ सुनवाई व्यक्तिगत(इन पर्सन ) रुप से भी हो सकती है।

## महत्वपूर्ण

जितनी जल्दी हो सके, ऑनलाइन हियरिंग रेडी टूर के लिए साइन अप करें। अपने हियरिंग रेडी टूर में, आप IRB-RPD(आईआरबी-आरपीडी) के कर्मचारियों से मिलते हैं, सीखते हैं कि अपनी शरणार्थी सुनवाई के लिए कैसे तैयारी करें, और समझें कि आपकी सुनवाई में कौन-कौन शामिल हो सकता है। आप शरणार्थी सुरक्षा/ संरक्षण प्रक्रिया के बारे में भी सवाल/ प्रश्न पूछ सकते हैं।

इसके बारे में अधिक जानें और अपने ऑनलाइन हियरिंग रेडी टूर के लिए साइन अप करें।

# मेरे शरणार्थी दावे(क्लेम) की सुनवाई में कौन उपस्थित होगा?



**आपकी शरणार्थी सुनवाई में निम्नलिखित लोग उपस्थित हो सकते हैं:**

**शरणार्थी दावेदार (क्लेमेंट):** (आप)

**आईआरबी-आरपीडी सदस्य:** आपके शरणार्थी दावे (क्लेम) का निर्णय करता है

**आपका वकील या कानूनी प्रतिनिधि:** आपका समर्थन करता है और आपको अपना दावा (क्लेम) प्रस्तुत करने में मदद करता है

**दुभाषिया:** यदि आप चाहें तो अनुवाद करता है ताकि आप अपनी भाषा में बात कर सकें

**गवाह:** आपकी कहानी की पुष्टि करने के लिए सुनवाई के दौरान बोलें और सवालों के जवाब दें

**पर्यवेक्षक(ऑब्जर्वर):** आपका समर्थन करें (परिवार या मित्र जिन्हें आप आमंत्रित कर सकते हैं)

**मंत्री के वकील (आईआरसीसी या सीबीएसए):** आपकी सुनवाई में केवल तभी जाते हैं जब वे आपके शरणार्थी दावे (क्लेम) का विरोध करते हैं (आपसे प्रश्न पूछ सकते हैं या दस्तावेज ला सकते हैं)

**आपके बच्चे:** उनकी आयु के आधार पर, आपके बच्चों को आपकी सुनवाई में उपस्थित होने की आवश्यकता हो सकती है या नहीं भी हो सकती है।

आपकी शरणार्थी सुनवाई में क्या होगा, इसके बारे में अधिक जानें।



# मुझे कैसे और कब पता चलेगा कि मेरा दावा (क्लेम) स्वीकार किया गया है?

आपकी शरणार्थी सुनवाई के बाद, IRB-RPD (आईआरबी-आरपीडी )सदस्य  क्या करेगा:

- आपको उनका निर्णय तुरंत बताएं, या
- अपना निर्णय मेल में भेजेंगे।

किसी सदस्य के लिए अपना निर्णय लेने के लिए कोई निर्धारित समय नहीं है। यदि आपके निर्णय में देरी होती है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपके शरणार्थी दावे (क्लेम) को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

सुनिश्चित करें कि IRB-RPD(आईआरबी-आरपीडी के पास आपका सही पता हो। जब आपका निर्णय पत्र आपको भेजा जाएगा तो आप उसे मिस नहीं करना चाहेंगे!

---

अपने शरणार्थी सुनवाई निर्णय और अगले कदमों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें।

# निर्णय प्राप्त होने के बाद अगले कदम



### यदि मेरा दावा (क्लेम) स्वीकार कर लिया गया तो आगे क्या होगा?(

यदि आपका दावा  (क्लेम) स्वीकार कर लिया जाता है, तो इसका मतलब है कि अब आपको कनाडा में संरक्षित व्यक्ति या कन्वेंशन शरणार्थी का दर्जा प्राप्त है। अब आप अपना स्थायी निवास आवेदन शुरु कर सकते हैं। ध्यान रखें कि CBSA या IRCC 15 दिनों के भीतर IRB-RPD के निर्णय के विरुद्ध अपील कर सकते हैं। यदि ऐसा होता है, तो तुरंत अपने वकील या कानूनी प्रतिनिधि से संपर्क करें।



### यदि मेरा दावा (क्लेम) अस्वीकार कर दिया गया तो आगे क्या होगा?

यदि आपका दावा (क्लेम) अस्वीकार कर दिया जाता है, तो आपको तुरन्त कार्रवाई करनी चाहिए और देखना चाहिए कि आपके पास क्या कानूनी विकल्प हैं।

**यदि आपका दावा (क्लेम) अस्वीकृत हो जाए तो उठाए जाने वाले महत्वपूर्ण कदम:**

- ☐ निर्णय को ध्यानपूर्वक पढ़ें
- ☐ समझें कि आप सख्त समय सीमा के अंतर्गत हैं
- ☐ तुरंत अपने वकील या कानूनी प्रतिनिधि से बात करें
- ☐ अपने सहायक (समर्थक) लोगों के समूह से सहायता प्राप्त करें
- ☐ जानकारी रखें और आशावान रहें
- ☐ अपील प्रक्रिया के चरणों और समय-सीमाओं के बारे में जानने के लिए www.myrefugeeclaim.ca वेबसाइट पर अपील रेडी टूर में भाग लेने के लिए साइन अप करें।

## महत्वपूर्ण

यदि आपका दावा (क्लेम) खारिज कर दिया जाता है, तो अपने लिए सर्वोत्तम विकल्प पर चर्चा करने के लिए तुरंत अपने वकील या कानूनी प्रतिनिधि से बात करें।

# अगर मुझे नज़रबंदी में लिया गया तो क्या होगा?



आपको सीबीएसए द्वारा हिरासत(नज़रबंदी) में लिया जा सकता है, यदि उन्हें लगता है कि:

- जब वे आपसे कहेंगे तो आप उपस्थित नहीं होंगे
- आप वह नहीं हैं जो आप कहते हैं कि आप हैं (या आपके पास अपनी पहचान साबित करने के लिए दस्तावेज़ नहीं हैं)
- आप कनाडा में लोगों के लिए खतरा हैं
- सार्वजनिक सुरक्षा या अपराध के बारे में आप चिंता(यू कॉज कंसर्नस) का कारण बनते हैं

## अगर मुझे हिरासत (नज़रबंदी) में लिया जाए तो मैं किससे बात कर सकता हूँ?

यदि आपको हिरासत(डिटेंशन) में लिया गया है, तो आपको निर्धारित समय पर हिरासत(डिटेंशन) समीक्षा सुनवाई होगी, ताकि यह देखा जा सके कि आपको रिहा किया जा सकता है या नहीं। आपको अपनी हिरासत(डिटेंशन) समीक्षा में कानूनी प्रतिनिधित्व का अधिकार है। आपको अपना खुद का कानूनी प्रतिनिधि खोजने की आवश्यकता हो सकती है।

यदि आप किसी वकील से बात नहीं कर सकते, तो सीबीएसए से कहें कि वह आपको किसी सेटलमेंट एजेंसी या सामुदायिक संगठन से संपर्क करवा दे।

### महत्वपूर्ण

हिरासत(डिटेंशन) में लिए गए लोगों के पास अधिकार हैं। उदाहरण के लिए, जब आप हिरासत(डिटेंशन) में हों तो आपको चिकित्सा सहायता पाने, अपने धर्म का पालन करने और उन गैर सरकारी संगठनों से संपर्क करने का अधिकार है जो आपकी सहायता कर सकते हैं।

कनाडा में आव्रजन (इमीग्रेशन) हिरासत (डिटेंशन) पर अधिक जानकारी पढ़ें।



# अपने शरणार्थी दावे (क्लेम) में सहायता के लिए मैं क्या कदम उठा सकता हूँ

कनाडा में शरणार्थी का दावा (क्लेम) करना आसान नहीं है। आप अपनी मुश्किल परिस्थिति में अकेले महसूस कर सकते हैं।


आप असुरक्षित महसूस कर सकते हैं और यह नहीं जान सकते कि किस पर भरोसा करें। आपको यह भी नहीं पता कि कौन सी जानकारी सच है और कौन सी झूठी।

आप इस बात को लेकर अनिश्चित हो सकते हैं कि आगे क्या करना है।

**अपने शरणार्थी दावा (क्लेम) प्रक्रिया में सहायता के लिए ये तीन महत्वपूर्ण कदम उठाएँ:**



## सूचना/ जानकारी प्राप्त करो



## संयोजित होना (गेट कनेक्टेड)



## तैयार हो जाओ



# सूचना/ जानकारी प्राप्त करो

यह शरणार्थी संरक्षण के लिए आपका दावा (क्लेम)  है। जानकारी प्राप्त करना और अपनी स्थिति पर नियंत्रण रखना आपकी ज़िम्मेदारी है। सवाल पूछें। अपने मामले में मदद के लिए ज़रूरी जानकारी प्राप्त करें।

अपनी शरणार्थी दावा (क्लेम)  यात्रा से पहले और उसके दौरान, कनाडा की शरणार्थी संरक्षण प्रक्रिया को यथासंभव बेहतर ढंग से समझने का प्रयास करें।

सुनिश्चित करें कि आपकी जानकारी विश्वसनीय स्रोतों से आती है, और गलत सूचना से सावधान रहें।

**मेरे द्वारा उठाये गए कदम सूचना/ जानकारी प्राप्त करने के लिए**


- ☐ www.myrefugeeclaim.ca पर जाएं और सीखें
- ☐ जानें कि शरणार्थी दावा (क्लेम)  प्रक्रिया में मैं कहां हूं और मेरे अगले कदम क्या हैं
- ☐ तीन सरकारी एजेंसियों के बारे में जानें: सीबीएसए, आईआरसीसी, आईआरबी
- ☐ आईआरबी वेबसाइट पर दावेदार(क्लेमेंट) मार्गदर्शिका पढ़ें
- ☐ IRCC वेबसाइट पर "कनाडा में शरणार्थी का दर्जा कैसे प्राप्त करें" पृष्ठ पर जाएँ
- ☐ शरणार्थी दावेदारों (क्लेमेंट) के लिए कार्यक्रमों और आयोजनों में भाग लें, जैसे सहायता समूह और शैक्षिक कार्यशालाएं(वर्कशॉप्स)

यह बहुत (ढेर) सारी जानकारी/ सूचनाएँ है, लेकिन आप यह कर सकते हैं!

**यह प्रक्रिया समय के साथ होती है। आप अभी जिस स्थिति में हैं, उस पर ध्यान केंद्रित करें। जानें कि आगे क्या होगा । कदम दर कदम आगे बढ़ें।**

## महत्वपूर्ण

प्रक्रिया के कुछ चरणों में, आप कई कामों में बहुत व्यस्त होंगे। अन्य समय में आप खुद को लंबे समय तक प्रतीक्षा करते हुए पा सकते हैं। अपने प्रतीक्षा समय का उपयोग सीखने और जानकारी प्राप्त करने के लिए करें।



# संयोजित होना (गेट कनेक्टेड)

ऐसे लोगों से जुड़ें जो आपके शरणार्थी दावे (क्लेम) की यात्रा में आपकी मदद कर सकते हैं।

**मेरे द्वारा उठाये गए कदम(क्रियाएँ) संयोजित / जुड़ने (कनेक्टेड) के लिए**

- ☐ एक वकील या कानूनी प्रतिनिधि प्राप्त करें
- ☐ मेरे आस-पास की सेटलमेंट /सामुदायिक एजेंसियों से जुड़ें
- ☐ अपने आस-पास अपनी सहायता के लिए लोगों का एक समूह बनाएं
- ☐ मेरी संपर्क जानकारी IRCC, CBSA, और IRB-RPD के साथ अद्यतन(अपडेटेड) रखें
- ☐ आईआरबी स्टाफ से मिलने के लिए एक रेडी टूर में भाग लें और उनसे शरणार्थी दावे (क्लेम) और अपील प्रक्रियाओं के बारे में अपने प्रश्न पूछें

**मेरे सहयोगी लोगों के नाम और संपर्क जानकारी यहां दी गई है:**

| | |
|---|---|
| मेरा वकील या कानूनी प्रतिनिधि | मेरा सेटलमेंट /समुदाय कार्यकर्ता |
| मेरा मित्र या परिवार का सदस्य | अन्य |

आप जहां रहते हैं उसके निकट प्रमुख संपर्क और सहायता खोजें।

# तैयार हो जाओ

शरणार्थी दावा (क्लेम) करने के लिए आपको कार्रवाई करने और सावधानीपूर्वक तैयारी करने की आवश्यकता होती है।

आपको रास्ते में हर कदम के लिए तैयार रहना होगा। सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज़ बीओसी फॉर्म है, जहां आप अपनी कहानी लिखते हैं। सबसे महत्वपूर्ण घटना आपकी शरणार्थी सुनवाई है, जहां आप आईआरबी-आरपीडी के एक सदस्य को अपनी कहानी बताते हैं। आपकी सुनवाई में, सदस्य आपके शरणार्थी दावे (क्लेम) पर निर्णय लेता है।

**मेरे द्वारा उठाये गए कदम(क्रियाएँ) सूचना/ जानकारी प्राप्त करने के लिए**

- ☐ दस्तावेज़, सबूत और गवाही तैयार करने के लिए मेरे (अपने )वकील या कानूनी प्रतिनिधि से मिलना
- ☐ अपनी कहानी के समर्थन में सबूत इकट्ठा करें
- ☐ शरणार्थी सुनवाई की तैयारी कैसे करें, यह जानने के लिए हियरिंग रेडी टूर में भाग लें
- ☐ अपनी महत्वपूर्ण तिथियों और समय-सीमाओं का ध्यान रखें
- ☐ मेरे/ अपने सभी दस्तावेज़ (जैसे कि मेरे शरणार्थी दावा (क्लेम) दस्तावेज़ों की एक प्रति) व्यवस्थित और आसानी से मिलने योग्य रखें
- ☐ मेरे दावे (क्लेम में महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दों को समझें: पहचान, विश्वसनीयता, व्यक्तिगत भय, और अन्य
- ☐ ध्यान दें, दस्तावेजों की समीक्षा करें, स्वयं शोध करें, और प्रश्न पूछें

# मेरे महत्वपूर्ण शरणार्थी दावे (क्लेम) की तिथियां और समय सीमाएं

**प्रवेश बंदरगाह का दावा(क्लेम)**

कनाडा में प्रवेश की तिथि

पात्रता साक्षात्कार

बायोमेट्रिक्स नियुक्ति(अपॉइंटमेंट)

IME नियुक्ति(अपॉइंटमेंट)

बीओसी फॉर्म जमा करने की तिथि

साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत करने की तिथियाँ

आईआरबी-आरपीडी शरणार्थी सुनवाई की तारीख

**अंतर्देशीय(इनलैंड) दावा**

ऑनलाइन पोर्टल बंद होने की तिथि

पोर्टल पर अपना दावा (क्लेम) प्रस्तुत करने की तिथि

बायोमेट्रिक्स नियुक्ति(अपॉइंटमेंट)

IME नियुक्ति(अपॉइंटमेंट)

पात्रता साक्षात्कार

साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत करने की तिथियाँ

आईआरबी-आरपीडी शरणार्थी सुनवाई की तारीख



## महत्वपूर्ण सरकारी संपर्क

आईआरबी, आईआरसीसी और सीबीएसए के लिए राष्ट्रीय, प्रांतीय और क्षेत्रीय संपर्क जानकारी प्राप्त करें।



## सामुदायिक(कम्युनिटी) संसाधन

अपने निकटतम सेटलमेंट  और सामुदायिक एजेंसियों से संपर्क करें।

## मेरे नोट्स

मेरे शरणार्थी दावे(क्लेम) के वित्तपोषक(फंडर):

The Notary Foundation
Legal Aid BC
The Houssian Foundation
Alberta Law Foundation
The Law Foundation of British Columbia
The Law Foundation of Ontario — Advancing access to justice
UNHCR The UN Refugee Agency | Canada
British Columbia | WelcomeBC

कानूनी/ विधिक समीक्षा: एलेस्टेयर क्लार्क, क्लार्क इमिग्रेशन लॉ द्वारा
अनुवाद Exchange Language Services (ELS) द्वारा किया गया है

डिज़ाइन और चित्रण: एंड्रिया आर्मस्ट्रांग द्वारा

**मेरा शरणार्थी दावा**

मेरे शरणार्थी दावे (क्लेम) के बारे में अधिक जानकारी के लिए
www.myrefugeeclaim.ca पर जाएं

kinbrace
REFUGEE HOUSING & SUPPORT

वैंकूवर, बी.सी. में स्थित, किनब्रेस (Kinbrace) समुदाय शरणार्थी दावेदारों का स्वागत आवास, साहचर्य, रोजगार और सार्वजनिक कानूनी शिक्षा संसाधनों सहित समग्र कल्याणकारी सहायता करता है।प्रत्येक शरणार्थी दावेदार के लिए हमारा दृष्टिकोण है -स्वागत की दुनिया,सामुदायिक संबंध, तथा अवसरों से भरा जीवन है।